लाखों से बनी मंडी खाली, सड़क पर लग रहा बाजार

खास बातें

- बढ़ रहा हादसों का खतरा, यातायात बाधित
- सड़क किनारे दुकानों से लोगों को परेशानी, प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

सड़क पर लग रही सब्जी दुकानों के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.सड़क के बीचों-बीच दुकानें लगने से यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है.

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 16 मार्च, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार स्थित हनुमान मंदिर से मिल रोड तक स्थिति यह है कि सड़क पर सब्जी की दुकानों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. ललितपुर-सागर क्षेत्र से बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेता यहां आकर सड़क किनारे ही दुकानें लगा लेते हैं, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित होता है.नगर पालिका द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है.दुकानदारों का आरोप है कि नगर पालिका कर्मचारी उनसे रसीद काटते हैं, जिसके बाद दुकानों को हटाने की कार्रवाई नहीं होती.सब्जी विक्रेताओं के अनुसार वे सुबह पुरानी कृषि मंडी परिसर में दुकान लगाते हैं, जहां उनसे रसीद के नाम पर पैसे लिए जाते हैं.वहीं शाम को मिल रोड पर दुकान लगाने पर भी नगर पालिका कर्मचारी रसीद काटते हैं.कुछ दुकानदारों का आरोप है कि कई बार पैसे लेने के बावजूद रसीद भी नहीं दी जाती.रेलवे स्टेशन से अंबेडकर चौक तक सड़क के दोनों ओर हाथ ठेले और दुकानें खड़ी रहने से बाजार की व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है और लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है.गौरतलब है कि नए बस स्टैंड पर सब्जी मंडी के लिए लाखों रुपये की लागत से पक्की दुकानें बनाई गई थीं और उनकी नीलामी भी की गई थी, लेकिन वहां आज तक सब्जी बाजार शुरू नहीं हो सका.समय के साथ कई दुकानें जर्जर हो गईं और कुछ के शटर भी चोरी हो गए.स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से सब्जी मंडी की स्थायी व्यवस्था नहीं हो पाई है.हर बार आश्वासन तो दिए जाते हैं, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है.

ठेले पर गैस सिलेंडर रखकर निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन

सिलेंडर की किल्लत व बढ़ती गैस कीमतों को लेकर जताया विरोध

नवभारत न्यूज

सिरोंज16 मार्च, सिलेंडर की किल्लत एवं बढ़ती गैस कीमतों को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने ठेले पर गैस सिलेंडर रखकर उसे माला पहनाई और शहर के बाजार में जुलूस निकाला.

इस मौके पर आप कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता नारे लगाते हुए मुख्य बाजार से पुराने बस स्टैंड तक पहुंचे. आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि गैस के दामों में बढ़ोतरी हुई है. और कई जगह लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है, जिससे आम जनता परेशान है. इस मौके पर जिला सचिव रजत सक्सेना ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को लगातार लाइनों में खड़ा करने का काम कर रही है. वर्तमान में जनता को गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है और आम जनता इससे काफी परेशान है. इस दौरान आप के जिला ओबीसी अध्यक्ष अभिषेक धाकड़, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सोहिल अली, वाजिद खान, ओपी मैथिल, अमोल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे.

एक नजर में

तीन घंटे विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

नवभारत न्यूज

सिरोंज,म.प्र.म.क्षे.वि.वि. कं.लि. सिरोंज शहर के प्रबंधक ने बताया कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिरोंज से निकलने वाले 33 के.व्ही. हाजीपुर फीडर का 17 मार्च, मंगलवार को अतिरिक्त 100 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापना का कार्य किया जाना है. जिस कारण 11 के.व्ही. हाजीपुर फीडर की सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी. इस कारण से हाजीपुर, बजरिया, रैदास पथ, नयापुरा, छिपेटी, पालीवाल कालोनी, बेगम बाग, मण्डी रोड इत्यादि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

तेनगुरिया को मिला कार्यकारी जिलाध्यक्ष का दायित्व

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी ने प्रदेश महासचिव सुभाष शर्मा एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ.अनिल भार्गव की अनुशंसा पर वरिष्ठ कर्मचारी नेता नीरज तेनगुरिया को मोर्चे का विदिशा का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है. इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए अनेक अधिकारी कर्मचारियों ने श्री तेनगुरिया को बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

विदिशा अक्षांश-देशांतर पर आधारित शिव पंचांग का वितरण

ब्राह्मणों के साथ हुआ शास्त्रीय संवाद

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में रविवार को विदिशा जिले के अक्षांश-देशांतर पर आधारित श्रीशिव पंचागम का विमोचन एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आचार्य, शास्त्री और बटुक ब्राह्मण उपस्थित रहे.कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों को पंचांग का वितरण किया गया.

मालूम हो कि हिंदू पंचांग के अनुसार हिंदी तिथि के अनुसार गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि नव संवत्सर नए वर्ष का आरंभ हो जाता है. पंचांग का निर्माण और प्रकाशन विदिशा (कागपुर) निवासी विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज व्यास शास्त्री द्वारा किया गया है. वे पिछले लगभग पाँच वर्षों से जिले भर में ब्राह्मणों और आचार्यों को निशुल्क पंचांग का वितरण कर रहे हैं.उनके इस प्रयास का उद्देश्य सनातन परंपरा के अनुसार तिथि, व्रत, पर्व और धार्मिक संस्कारों की सही जानकारी समाज तक पहुंचाना है.पंडित मनोज व्यास शास्त्री ने इस अवसर पर बताया कि यह पंचांग विदिशा जिले के अक्षांश और देशांतर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे स्थानीय क्षेत्र के अनुसार तिथियों और मुहूर्तों की अधिक सटीक जानकारी प्राप्त होगी. उन्होंने कहा कि पंचांग केवल तिथियों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति और ज्योतिषीय परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है.उन्होंने बताया कि नव संवत्सर के साथ गुड़ी पड़वा से हिंदू नववर्ष का प्रारंभ होगा. ऐसे में पंचांग के माध्यम से व्रत, विशेष रूप से व्रत-त्योहारों और तिथियों को लेकर आम जनमानस में उत्पन्न होने वाले भ्रम के विषय पर चर्चा की गई. पंडित मनोज व्यास शास्त्री ने शास्त्र सम्मत आधार पर अपने विचार रखते हुए बताया कि पंचांग के सही अध्ययन और शास्त्रों के अनुरूप निर्णय से ऐसे भ्रमों को दूर किया जा सकता है.उन्होंने कहा कि विद्वानों के बीच आपसी संवाद और शंका समाधान की परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि धर्म से जुड़ी सही जानकारी समाज तक पहुंच सके.इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा जहां ब्राह्मण अपनी शंका समाधान के लिए संवाद कर सकते हैं। इस अवसर पर पंडित रामचरण चतुर्वेदी, पंडित पुरुषोत्तम भार्गव, पंडित मुन्नालाल शास्त्री, पंडित संजय भार्गव, पंडित चिरोंजीलाल दुबे, पंडित रामचंद्र जिजोरिकर, पंडित निर्मल कुमार भृगु सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक ब्राह्मण, आचार्य और बटुक उपस्थित रहे.कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और आध्यात्मिक भाव से ओतप्रोत रहा.

जीवन की शुरुआत करने का संदेश देते हैं. उन्होंने रामनवमी को समाज का पारिवारिक उत्सव बताते हुए सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया. बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी के अवसर पर घर-घर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और भगवा ध्वज लगाए जाएंगे. साथ ही इस वर्ष रामनवमी चल समारोह में महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी. कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी, देवेंद्र सिंह रघुवंशी, राहुल रघुवंशी सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

तहसीलदार ने गैस एजेंसी तथा पेट्रोल पंप पहुंच कर देखा रिकॉर्ड

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, नगर की गैस एजेंसियों तथा पेट्रोल पंपों पर खाद्य विभाग की टीम के साथ पहुंचे और स्टॉक रिकॉर्ड देखा तथा सभी को चेतावनी दी. शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बाजार में गैस सिलेंडर अधिक कीमत पर दिए जाने की शिकायतों को लेकर प्रशासन सतर्क है.कालाबाजारी रोकने और अधिक कीमत पर गैस सिलेंडर देने की लगातार शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंच रही है. ब्लैक करने वाले सक्रिय हैं उनके ऊपर भी नजर रखी जा रही है.तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया की शिकायत मिलने पर तुरंत जांच होगी और दोषी लोगों पर कार्यवाही की जाएगी संबंधित विभाग की टीम भी सक्रिय है.

बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष की हुई सजा

नवभारत न्यूज

कुरवाई,न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम के न्यायालय में बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास सजा तथा 5000-रूपया के अर्थदण्ड से दंडित किया गया.अतिरिक्त लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह दांगी के अनुसार घटना 19 मई 2021 की है.जिसमें फरियादिया ने थाना कुरवाई आकर एक लिखित सूचना दी गई, इलाज कराने गंजबासौदा गई थी इलाज कराने के बाद कुरवाई आने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थी तभी आरोपी ने कुरवाई छोड़ने का बहाना करके मोटरसाइकिल पर बैठा लिया था.

रूसिया के कच्चे मोड पर पहुंची तो आरोपी ने गाड़ी रोककर जबरदस्ती आड में ले जाकर बलात्कार किया, जान से खत्म करने की धमकी दी, जिस पर से थाना कुरवाई में अपराध क्रमांक 185/2021 धारा,376, 506 भादवि. के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालानी कार्यवाही कर विचारण हेतु न्यायालय कुरवाई में चालान पेश किया गया जिस पर से अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्षियों , चश्मदीद गवाहो के ब्यानो से सहमत होते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय आनंद गौतम कुरवाई जिला विदिशा ने आरोपी अरविंद अहिरवार निवासी गीता टॉकीज के पास गंजबासौदा थाना गंजबासौदा को 10वर्ष का कारावास एवं 5000-रूपया के अर्थदण्ड से दंडित किया.

होली मिलन एवं रामनवमी तैयारी बैठक

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में होली मिलन समारोह के साथ आगामी रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई. इस अवसर पर रामनवमी महोत्सव के कार्यक्रमों का कैलेंडर जारी किया गया. कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया.

बैठक की शुरुआत भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा पर गुलाल अर्पित कर की गई. मुख्य अतिथि विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि होली, भुजरिया मिलन और रंग पंचमी जैसे पर्व हमें आपसी भूल-चूक को भुलाकर नए सिरे से सामाजिक

55 मरीजों की हुई जांच, 13 को भेजा ऑपरेशन के लिये

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़द्वारा स्वर्गीय माँ श्रीमती द्रोपदी बाई और पिताजी स्वर्गीय कनछेदी लाल जी ताम्रकार की पुण्य स्मृति में उनकी पुत्र वधु श्रीमती मणि और पुत्र लाल बहादुर जी ताम्रकार और परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया. समिति द्वारा ताम्रकार जी सम्मान शाल श्री फल और फूल माला पहनाकर किया गया और सहयोग के लिये आभार माना.

शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए डॉक्टर हितेश मिचलानी ने 55 मरीजों की ओपीडी की गई. इसमें से 13 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 30 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई. इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी , सुरेश ताम्रकार राधे श्याम साहू, प्रकाश वाधवानी, सतपाल तनवानी , प्रवक्ता , विष्णु ताम्रकार, सुभाष ताम्रकार, धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन ने किया एवं कार्यक्रम का आभार व्यक्त राजकुमार मलकानी ने किया.

तहसील क्षेत्र में गैस बुकिंग अवधि पच्चीस दिन की जावे

नवभारत न्यूज

गुलाबगंज,गुलाबगंज कस्बे में तहसील पुलिस थाना मंडी कमेटी एसबीआई ग्रामीण बैंक आईडीबीआई जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रेलवे स्टेशन व अन्य सुविधाएं के साथ व्यापारिक केन्द्र है जहां लोगों का आना जाना बना रहता है.

लेकिन इस क्षेत्र को ग्रामीण क्षेत्र में शामिल कर में गैस कनेक्शन की सुविधा पेंतालीस दिन रखी गई है. जबकि शहरी क्षेत्रों की तरह ही गुलाब गंज की दिनचर्या है इसके इतर ठेठ ग्रामीण क्षेत्रों की बात अलग है वहां लोगों के पास पर्याप्त ईंधन लकड़ी गोबर के उपले के रूप में रहता है. वहां लोगों की जरूरतें तहसील मुख्यालय के अनुसार नहीं रहती केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि तहसील मुख्यालय पर गैस डिलेवरी पच्चीस दिन की जावे जिससे लोगों को असुविधा से राहत मिल सके.

यादव समाज का मना होली मिलन समारोह

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,यादव धर्मशाला पुराना बस स्टैंड पर यादव समाज ने होली मिलन समारोह का आयोजन रखा.जिसमें बड़ी संख्या में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के स्वजाति बंधुओ ने पहुंचकर फागोत्सव होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली महोत्सव की बधाई दी तथा फाग गीत गाकर तथा ढोलक नगड़िया पर जमकर नृत्य किया.

गुलाल की बौछारें होती रही यादव समाज के अध्यक्ष मनोज यादव, रमेश यादव, महेश यादव, संजू यादव, सुनील यादव ,श्रीमती विद्या यादव, कुंजी लाल यादव आदि ने सभी धार्मिक पर्व धूमधाम से मनाने की समाज से अपेक्षा की और कहा की संगठन में ही शक्ति है.हम आगे और भी धूमधाम से इन पर्वों को मनाएंगे सभी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की चर्चा की और भी अन्य मुद्दों पर होली मिलन समारोह में चर्चा हुई सभी का आभार समाज के अध्यक्ष मनोज यादव ने माना.

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, शहर पाठक सिंह के तत्वाधान में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया कार्यक्रम का संचालन पाठक संग के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं वरिष्ठ से भी सुनील बाबू पिंगले ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस हर वर्ष 15 मार्च को मनाया जाता है.

इसका उद्देश्य नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों की प्रति जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देना इस दिवस की प्रेरणा अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के उसे ऐतिहासिक भाषण से मिली जिसमें उन्होंने उपभोक्ता अधिकारों की बात की थी इसके बाद दुनिया भर में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कदम उठाए गए. भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए कंज्यूमर प्रोटक्शन एक्ट 2019 लागू किया गया है. इस दौरान वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया.इस अवसर पर चंद्रभान सिंह राजपूत, कैलाश,नेमा आदित्य,श्याम सेन सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे.

लापरवाही | **उन्नयन के बाद भी स्वास्थ्य सेवाएं अधूरी, निरीक्षण में डॉक्टर-कर्मचारी अनुपस्थित मिले**

वैंटिलेटर पर सिविल हॉस्पिटल मशीनें बंद डॉक्टरों कमी से मरीज परेशान

नवभारत न्यूज

सांची, सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सांची के सिविल अस्पताल में व्यवस्थाएं अपेक्षा के अनुरूप दिखाई नहीं दे रही हैं. ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध स्थल होने के कारण इस अस्पताल का उन्नयन कर इसे सिविल अस्पताल का दर्जा तो दे दिया गया, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है.

बताया जाता है कि सिविल अस्पताल के स्तर के अनुरूप यहां डॉक्टरों की कमी बनी हुई है. वहीं लाखों रुपये की लागत से उपलब्ध कराई गई कई स्वास्थ्य मशीनें ऑपरेटरों के अभाव में बंद पड़ी हैं और ताले में जकड़ी बताई जाती हैं. दैनिक उपयोग में आने वाली एक्स-रे मशीन की स्थिति भी खराब बताई जा रही है, जो कभी भी बंद हो सकती है. इससे मरीजों को जांच के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. इस क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से दुर्घटना में घायल लोग भी इलाज के लिए इसी अस्पताल में पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाएं न मिलने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों को भी उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. बताया जाता है कि अस्पताल में कुल 59 स्वास्थ्य कर्मी तैनात हैं, लेकिन उनकी नियमित उपस्थिति पर सवाल उठते रहते हैं. इसका खुलासा तब हुआ जब कलेक्टर के निर्देश पर हाल ही में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.एच. मांडरे ने अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई डॉक्टर व कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए. इस पर नाराजगी जताते हुए सीएमएचओ ने उनकी अनुपस्थिति दर्ज कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए.

वहीं अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए आवास की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण उन्हें दूर-दराज से अपडाउन करना पड़ता है। ऐसे में विभाग को कर्मचारियों की आवास व्यवस्था पर भी ध्यान देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है. सिविल अस्पताल का दर्जा मिलने के बाद भी यदि मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं अधूरी रहें, तो इसका खामियाजा आखिरकार आम मरीजों को ही भुगतना पड़ता है.

चेटी चंद महोत्सव के अंतर्गत सिंधी भक्ति संगीत का आयोजन

नवभारत न्यूज

विदिशा, सिंधी समाज के प्रमुख पर्व चेटीचंड महोत्सव के अंतर्गत रविवार शाम को सिंधी भक्ति संगीत का भव्य आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में एवं पूज्य सिंधी पंचायत विदिशा के सहयोग से 15 मार्च 2026 को सिंधी धर्मशाला, झूलेलाल मंदिर, डंडापुरा, विदिशा में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के सदस्य उपस्थित रहे और भक्ति संगीत का आनंद लिया.

कार्यक्रम में राजस्थान के खैरथल से आए कल्याण म्यूजिकल ग्रुप ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया. ग्रुप के प्रमुख दीपक कुमार के नेतृत्व में कलाकारों ने भगवान झूलेलाल की महिमा से जुड़े भजन और सिंधी भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए. वहीं झूलेलाल मंदिर विदिशा के पुजारी राकेश शर्मा ने भी भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में आध्यात्मिक रंग भर दिया. इस अवसर पर विदिशा सिंधी समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे. पूज्य सिंधी पंचायतविदिशा के अध्यक्ष दीवान मंगलवानी, महामंत्री मनोज पंजवानी श्री वासुदेव धनवानी जी श्री चंद जोतवानी जी शंकर छुगानी जी गोपाल खत्री दिलीप रामानी मौसम वालेचा नरेंद्र धनवानी विजय सुन्दरानी जगदीश तोलानी सहित समाज के अन्य पदाधिकारियोंमाताएं बहने बुजुर्गों और सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया. सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.